लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम...दैनिक भास्कर...

दिनांक...20.11.2019... पृष्ठ सं...5... कॉलम...1-3...

# एचएयू में तीन दिवसीय सोशियो डिजिटल परोचीज फॉर ट्रांसफोरमिंग इंडियन एग्रीकल्चर पर संगोष्ठी आज से

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बुधवार को तीन दिवसीय सोशियो डिजिटल एपरोचीज़ फॉर ट्रांसफोरमिंग इंडियन एग्रीकल्चर पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह संगोष्ठी भारतीय विस्तार शिक्षा समिति, नई दिल्ली, एचएयू हिसार व बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, बाँदा (उत्तर प्रदेश) के संयुक्त तत्वावधान में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के सभागार में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर एचएयू के कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि होंगे और बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविधालय, बाँदा (उत्तर प्रदेश) के कुलपति एवं अध्यक्ष भारतीय विस्तार शिक्षा समिति, नई दिल्ली डॉ. यूएस गौतम संगोष्ठी की अध्यक्षता करेंगे।

**206 मौखिक प्रस्तुति व 300 से अधिक पोस्टर प्रस्तुति :** इस संगोष्ठी के आयोजन सचिव व निदेशक विस्तार शिक्षा, डॉ. आर.एस. हुड्डा ने बताया कि इस संगोष्ठी में 23 राज्यों के 500 से अधिक प्रतिभागी (वैज्ञानिक, शिक्षाविद, नीति नियोजक, गैर सरकारी संस्था, विस्तार विशेषज्ञ, विद्यार्थी व प्रगतिशील किसान) हिस्सा लेंगे, जिसमें 206 मौखिक प्रस्तुति व 300 से अधिक पोस्टर प्रस्तुति करेंगे। इस संगोष्ठी में किसानों के लिए विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। जिसमें किसानों से संबंधित कृषि आधारित कार्यप्रणाली व उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की जाएगी।

## उत्कृष्ट व्याख्यान प्रस्तुत करने वाले वैज्ञानिक होंगे सम्मान

इसके अतिरिक्त इस संगोष्ठी में उत्कृष्ट व्याख्यान प्रस्तुत करने वाले वैज्ञानिकों को विभिन्न मेमोरियल अवार्डस जैसे डॉ. डीके मिश्रा, डॉ. केएन सिंह, डॉ. ओपी धामा, डॉ. जीसी विद्यार्थी व प्रो. वाईपी सिंह इत्यादि अवॉर्डों से नवाजा जाएगा। इसके अतिरिक्त भारतीय विस्तार शिक्षा समिति, युवा वैज्ञानिक, सर्वोत्तम के.वी.के. वैज्ञानिक व विस्तार शिक्षा में जीवन उपलब्धि आदि अवॉर्डों से भी वैज्ञानिकों को सम्मानित किया जाएगा।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: दैनिक जागरण
दिनांक: 20.11.2019 पृष्ठ सं. 5 कॉलम 6-8

# कृषि में बदलाव पर आज से एचएयू में होगा मंथन

जासं, हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 20 से 22 नवंबर तक सोशियो डिजिटल अप्रोच फॉर ट्रांसफोर्मिंग इंडियन एग्रीकल्चर विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय संगोष्ठी नई दिल्ली स्थित भारतीय विस्तार शिक्षा समिति, एचएयू हिसार और उत्तर प्रदेश के बांदा स्थित कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जाएगी। कॉन्फ्रेंस में कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्यातिथि होंगे।

बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के कुलपति एवं भारतीय विस्तार शिक्षा समिति अध्यक्ष डा. यूएस गौतम संगोष्ठी की अध्यक्षता करेंगे। संगोष्ठी में 23 राज्यों के 500 से अधिक प्रतिभागी (वैज्ञानिक, शिक्षाविद, नीति नियोजक, गैर सरकारी संस्था, विस्तार विशेषज्ञ, विद्यार्थी व प्रगतिशील किसान) हिस्सा लेंगे।

**वैज्ञानिकों को मेमोरियल अवार्डों से नवाजा जाएगा :** विस्तार शिक्षा निदेशक डा. आरएस हुड्डा ने बताया कि संगोष्ठी में उत्कृष्ठ व्याख्यान प्रस्तुत करने वाले वैज्ञानिकों को विभिन्न मेमोरियल अवार्डस जैसे डा. डीके मिश्रा, डॉ. केएन सिंह, डॉ. ओपी धामा, डॉ. जीसी विद्यार्थी और प्रो. वाईपी सिंह इत्यादि अवार्डों से नवाजा जाएगा।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ......हरि. भूमि......
दिनांक ...20. 11. 2019..... पृष्ठ सं. ......14...... कॉलम ....6-8.....

# संगोष्ठी में आएंगे 23 राज्यों के 500 वैज्ञानिक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 20-22 नवंबर को तीन दिवसीय सोशियो डिजिटल एपरोचीज फॉर ट्रांसफोरमिंग इंडियन एग्रीकल्चर पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह संगोष्ठी भारतीय विस्तार शिक्षा समिति, नई दिल्ली, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार व बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, बांदा (उत्तर प्रदेश) के संयुक्त तत्वावधान में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के सभागार में आयोजित की जाएगी।

- हकृवि में आज से तीन दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

इस अवसर पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह मुख्य अतिथि होंगे तथा बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, बांदा (उत्तर प्रदेश) के कुलपति एवं अध्यक्ष भारतीय विस्तार शिक्षा समिति, नई दिल्ली डॉ. यूएस गौतम संगोष्ठी की अध्यक्षता करेंगे। इस संगोष्ठी के आयोजन सचिव व निदेशक विस्तार शिक्षा, डॉ. आरएस हुड्डा ने बताया कि इस संगोष्ठी में 23 राज्यों के 500 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा लेंगे जिसमें 206 मौखिक प्रस्तुति तथा 300 से अधिक पोस्टर प्रस्तुति करेंगे।



## इनको मिला सम्मान

इसके अतिरिक्त इस संगोष्ठी में उत्कृष्ट व्याख्यान प्रस्तुत करने वाले वैज्ञानिकों को विभिन्न मेमोरियल अवार्डस जैसे डॉ. डी.के. मिश्रा, डॉ. के.एन. सिंह, डॉ. ओ.पी. धामा, डॉ. जी.सी. विद्यार्थी व प्रो. वाई.पी. सिंह इत्यादि अवार्डों से नवाजा जाएगा। इसके अतिरिक्त भारतीय विस्तार शिक्षा समिति, युवा वैज्ञानिक, सर्वोतम के.वी.के. वैज्ञानिक व विस्तार शिक्षा में जीवन उपलब्धि आदि अवार्डों से भी वैज्ञानिकों को सम्मानित किया जाएगा व आगामी रूपरेखा तैयार की जाएगी।

## कैंपस स्कूल तृतीय स्थान पर रहा



हिसार। बाल भवन, हरियाणा द्वारा जिला जींद में आयोजित मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के अंतर्गत समूह नृत्य प्रतियोगिता (ग्रुप-4) में कैम्पस स्कूल, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हरियाणा की संस्कृति से ओत-प्रोत इस नृत्य ने दर्शकों की बहुत वाहवाही लूटी। छात्राओं की इस उपलब्धि पर स्कूल के प्रधानाचार्य व नियंत्रण अधिकारी ने उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर अध्यापकगण ने भी खुशी व्यक्त की।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......पंजाब केसरी......
दिनांक 20.11.2019...... पृष्ठ सं......4...... कॉलम......4......

# हकृवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

हिसार, 19 नवम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 20 से 22 नवम्बर को 3 दिवसीय सोशियो डिजीटल एपरोचीज फॉर ट्रांसफोरमिंग इंडियन एग्रीकल्चर पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह संगोष्ठी भारतीय विस्तार शिक्षा समिति, नई दिल्ली, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय व बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, बांदा (उत्तर प्रदेश) के संयुक्त तत्वावधान में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के सभागार में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह मुख्य अतिथि होंगे तथा बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, बांदा (उत्तर प्रदेश) के कुलपति एवं अध्यक्ष भारतीय विस्तार शिक्षा समिति, नई दिल्ली डा. यू.एस. गौतम संगोष्ठी की अध्यक्षता करेंगे। संगोष्ठी में 23 राज्यों के 500 से अधिक प्रतिभागी (वैज्ञानिक, शिक्षाविद्, नीति नियोजक, गैर सरकारी संस्था, विस्तार विशेषज्ञ, विद्यार्थी व प्रगतिशील किसान) हिस्सा लेंगे।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......अमर उजाला, दैनिक ट्रिब्यून......

दिनांक......20. 11. 2019...... पृष्ठ सं......1, 7...... कॉलम......8, 1-2

## एचएयू में तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में 20-22 नवंबर को तीन दिवसीय सोशियो डिजिटल एपरोचीज फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडियन एग्रीकल्चर पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह संगोष्ठी भारतीय विस्तार शिक्षा समिति, नई दिल्ली, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार व बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, बांदा (उत्तर प्रदेश) के संयुक्त तत्वावधान में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के सभागार में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि होंगे और बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, बांदा (उत्तर प्रदेश) के कुलपति एवं अध्यक्ष भारतीय विस्तार शिक्षा समिति, नई दिल्ली डॉ. यूएस गौतम संगोष्ठी की अध्यक्षता करेंगे। इस संगोष्ठी के आयोजन डॉ. आरएस हुड्डा ने बताया कि इस संगोष्ठी में 23 राज्यों के 500 से अधिक प्रतिभागी (वैज्ञानिक, शिक्षाविद, नीति नियोजक, गैर सरकारी संस्था, विस्तार विशेषज्ञ, विद्यार्थी व प्रगतिशील किसान) हिस्सा लेंगे।

## राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

**हिसार (निस) :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 20 से 22 नवंबर तक 3 दिवसीय सोशियो डिजिटल एपरोचिज फॉर ट्रांसफोरमिंग इंडियन एग्रीकल्चर पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी भारतीय विस्तार शिक्षा समिति, नई दिल्ली, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार व बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, बाँदा (उत्तर प्रदेश) के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की जाएगी। संगोष्ठी के चीफ गेस्ट हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह होंगे, बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (उत्तर प्रदेश) के कुलपति एवं अध्यक्ष भारतीय विस्तार शिक्षा समिति, नई दिल्ली डॉ. यूएस गौतम संगोष्ठी की अध्यक्षता करेंगे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: पंजाब केसरी, दैनिक जागरण
दिनांक: 20.11.2019 पृष्ठ सं: 4, 15 कॉलम: 4-5, 1

# समूह नृत्य में पाया तृतीय स्थान

हिसार, 19 नवम्बर (ब्यूरो): बाल भवन, हरियाणा द्वारा जिला जींद में आयोजित मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के अंतर्गत समूह नृत्य प्रतियोगिता (ग्रुप-4) में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित कैम्पस स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



*नृत्य प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा नृत्य प्रस्तुति।*

## नृत्य प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहा कैंपस स्कूल

**हिसार:** बाल भवन द्वारा जिला जींद में आयोजित मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के तहत समूह नृत्य प्रतियोगिता (ग्रुप-4) में कैंपस स्कूल, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हरियाणा की संस्कृति से ओत-प्रोत इस नृत्य ने दर्शकों की बहुत वाहवाही लूटी। छात्राओं की इस उपलब्धि पर स्कूल के प्रधानाचार्य, नियंत्रण अधिकारी व अध्यापकों ने खुशी व्यक्त की। (जासं)